**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 5710**
दिनांक 04 अप्रैल, 2025 को उत्तर के लिए

## आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं

5710. **श्री राहुल गांधी:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान प्रगति दर क्या है;
(ख) आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल, स्वच्छता सुविधाओं, बिजली और अन्य अनिवार्य सुविधाओं सहित मूलभूत अवसंरचना का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और
(ग) उच्चतम न्यायालय द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उपदान देने के संबंध में दिए गए निर्णय के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क):** 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान, 40,000 आंगनवाड़ी केंद्रों की दर से प्रति वर्ष 2 लाख सरकारी स्वामित्व वाले आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) को बेहतर पोषण प्रदायगी और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास के लिए सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में मजबूत और उन्नत किया जाता है। सक्षम आंगनवाड़ियों को पारंपरिक आंगनवाड़ी केंद्रों की तुलना में बेहतर बुनियादी ढांचे से सुसज्जित किया गया है, जिसमें एलईडी स्क्रीन, वाटर प्यूरीफायर/आरओ मशीन की स्थापना, पोषण वाटिका, ईसीसीई और बाला पेंटिंग शामिल हैं।

अब तक, कुल 2 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों के रूप में उन्नयन करने की मंजूरी दी गई है, जिनमें से 19,004 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों के रूप में उन्नयन किया गया है।

**(ख):** आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल, स्वच्छता सुविधाओं, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(ग) :** मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 एक केंद्र प्रायोजित योजना है और इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। केंद्र सरकार नीति और नियोजन के लिए जिम्मेदार है और राज्य सरकारें दिन-प्रतिदिन के कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं योजना के सभी परिचालन पहलुओं के लिए जिम्मेदार हैं। भारत सरकार योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निर्धारित लागत-साझाकरण अनुपात में निधियां जारी करती है।

चूंकि इस योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, इसलिए भारत सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं की भर्ती, सेवानिवृत्ति लाभ और ग्रेच्युटी के भुगतान के संबंध में कोई विशिष्ट दिशानिर्देश निर्धारित नहीं किए गए हैं। ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार ग्रेच्युटी केवल नियोक्ता द्वारा दिया जाने वाला लाभ है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों /आंगनवाड़ी सहायिकाओं को लाभ का भुगतान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी हैं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं की सेवा शर्तों को तय करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राथमिक प्राधिकरण हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री (एडब्ल्यूडब्ल्यू) और आंगनवाड़ी सहायिका (एडब्ल्यूएच) को मानद कार्यकर्ता होने के नाते, समय-समय पर सरकार द्वारा तय मासिक मानदेय का भुगतान किया जाता है। केंद्र सरकार केवल मानदेय का एक हिस्सा देती है। शेष मानदेय का भुगतान राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन द्वारा किया जाता है। भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले मानदेय के अलावा, अधिकांश राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्वयं के संसाधनों से इन कार्यकर्ताओं को विभिन्न अतिरिक्त मौद्रिक प्रोत्साहन/टॉप-अप भी दे रहे हैं।

*****

अनुलग्नक

**“आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं” के संबंध में दिनांक 04.04.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5710 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | एडब्लूसी में पाइप्ड वाटर कनेक्शन | पीने के पानी का कनेक्शन | कार्यशील शौचालय | कार्यशील रसोई | स्थायी बिजली कनेक्शन | सौर ऊर्जा चालित विद्युत कनेक्शन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 720 | 695 | 720 | 715 | 716 | 679 | 10 |
| आंध्र प्रदेश | 55708 | 42406 | 54779 | 47627 | 47527 | 51918 | 66 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5835 | 2651 | 4196 | 1576 | 2291 | 661 | 173 |
| असम | 61891 | 21952 | 51546 | 16136 | 23096 | 32204 | 1477 |
| बिहार | 114451 | 60824 | 102518 | 91076 | 87902 | 56122 | 4684 |
| छत्तीसगढ़ | 52262 | 19428 | 42504 | 32889 | 41164 | 23064 | 1366 |
| दादरा व नगर हवेली - दमन व दीव | 405 | 402 | 405 | 405 | 403 | 405 | 17 |
| दिल्ली | 10898 | 10795 | 10887 | 10892 | 69 | 10883 | 15 |
| गोवा | 1261 | 1196 | 1261 | 1259 | 1248 | 1259 | 18 |
| गुजरात | 53050 | 48166 | 52231 | 51339 | 49029 | 52612 | 2254 |
| हरियाणा | 25962 | 19128 | 23207 | 20885 | 16183 | 11254 | 5254 |
| हिमाचल प्रदेश | 18929 | 18367 | 18711 | 18640 | 15571 | 16074 | 457 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 28061 | 27753 | 27844 | 27892 | 27644 | 27236 | 2024 |
| झारखंड | 38516 | 9310 | 29450 | 21219 | 29354 | 16812 | 1418 |
| कर्नाटक | 69900 | 55455 | 63041 | 64908 | 64624 | 63836 | 4320 |
| केरल | 33120 | 29171 | 32069 | 32979 | 32870 | 32903 | 1271 |
| लद्दाख | 1172 | 920 | 1142 | 1136 | 1090 | 461 | 10 |
| लक्षद्वीप | 59 | 59 | 59 | 59 | 59 | 59 | 0 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 97285 | 48725 | 95165 | 75693 | 12420 | 59527 | 3058 |
| महाराष्ट्र | 110571 | 76233 | 98922 | 84351 | 59620 | 43697 | 26840 |
| मणिपुर | 11523 | 3675 | 10297 | 8864 | 7688 | 6893 | 401 |
| मेघालय | 6095 | 2086 | 4043 | 3401 | 3065 | 376 | 135 |
| मिजोरम | 2242 | 2003 | 2225 | 2148 | 2198 | 1310 | 8 |
| नागालैंड | 3797 | 2159 | 3532 | 2303 | 3742 | 403 | 1 |
| ओडिशा | 74185 | 23351 | 74163 | 38539 | 58320 | 41346 | 3577 |
| पुददुचेरी | 855 | 826 | 837 | 826 | 836 | 841 | 122 |
| पंजाब | 27314 | 23825 | 27059 | 23933 | 10143 | 20652 | 585 |
| राजस्थान | 61922 | 26534 | 51475 | 33682 | 33928 | 39161 | 2316 |
| सिक्किम | 1308 | 1192 | 1296 | 1302 | 1241 | 438 | 25 |
| तमिलनाडु | 54449 | 49202 | 54447 | 50355 | 54358 | 53406 | 128 |
| तेलंगाना | 35687 | 26582 | 28941 | 19027 | 28475 | 19717 | 1026 |
| त्रिपुरा | 10197 | 6542 | 9057 | 6942 | 7529 | 574 | 310 |
| संघ राज्य क्षेत्र -चंडीगढ़ | 450 | 450 | 450 | 450 | 203 | 450 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 188883 | 110547 | 165554 | 142964 | 79743 | 115667 | 8695 |
| उत्तराखंड | 20039 | 15500 | 18578 | 17637 | 12987 | 11440 | 553 |
| पश्चिम बंगाल | 119444 | 31550 | 85670 | 62569 | 86692 | 20660 | 1174 |
| **कुल** | **1398446** | **819660** | **1248281** | **1016618** | **904028** | **835000** | **73788** |